an>

Title: Need to extend Chitrakutdham Karwi-Kanpur Intercity express train upto Lucknow.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) ः मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चित्रकूटधाम कर्वी से कानपुर तक इन्टरसिटी एक्सप्रेस चलती है जो चित्रकूटधाम से दोपहर 3 बजे चलकर लगभग 7 बजे कानपुर पहुँचती है और रात भर वहीं खड़ी रहती है और दूसरे दिन प्रातः 10 बजे चलती है। लखनऊ प्रदेश की राजधानी है और कानपुर से केवल 80 कि.मी. दूर है। यह 1 घंटे का रास्ता है।

अस्तु सरकार से अनुरोध है कि यात्रियों की सुविधा के लिए एवं राजस्व की दृष्टि से उक्त ट्रेन को लखनऊ जंक्शन तक बढ़ाने व उसमें एक ए.सी. चेयर कार लगाने हेतु निर्देश देने की कृपा करें।